छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका
नवम्बर-दिसम्बर 2021 ■ वर्ष-18

# संकल्प



## कृषि पंप हुए ऊर्जीकृत,
## हरिहर खेत, खुशहाल हुए किसान

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की गृह पत्रिका

# संकल्प

नवम्बर-दिसम्बर 2021 ■ वर्ष-18

## संरक्षक



**श्री अंकित आनंद** (IAS)
अध्यक्ष



**श्री एन.के. बिजौरा**
प्रबंध निदेशक (जनरेशन)



**श्री राजेश वर्मा**
प्रबंध निदेशक (ट्रेडिंग)



**श्री हर्ष गौतम**
प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन)



**श्रीमती उज्ज्वला बघेल**
प्रबंध निदेशक (होल्डिंग)



**श्री एस.डी. तेलंग**
प्रबंध निदेशक, ट्रांसमिशन

**संपादक :**
**गोविन्द पटेल,** प्रबंधक (जनसंपर्क)
**सह सम्पादक : अनामिका मण्डावी ● सहयोग : प्रसन्न दुबे**
**फोन : 0771-2574702**
**E-mail : procsphcl@gmail.com**



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी

### प्रदेश में विद्युत प्रगति का पटल

| | नवंबर 2000 | नवम्बर 2021 |
|---|---|---|
| ताप विद्युत क्षमता | 1240 मेगावॉट | 2840 मेगावॉट |
| जल विद्युत क्षमता | 120 मेगावॉट | 138.70 मेगावॉट |
| कुल ताप, जल विद्युत क्षमता | **1360 मेगावॉट** | **2984.70 मेगावॉट** |
| क्षमता वृद्धि | --- | 1624.70 मेगावॉट |
| अति उच्चदाब उपकेंद्रों की संख्या | 27 नग | 123 नग |
| अति उच्चदाब लाइनों की लंबाई | 5205 सर्किट कि.मी. | 13356 सर्किट कि.मी. |
| 33/11 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 248 नग | 1330 नग |
| 33 केव्ही लाइनों की लंबाई | 6988 सर्किट कि.मी. | 23387 स. कि.मी. |
| 11/04 केव्ही उपकेंद्रों की संख्या | 29692 नग | 197545 नग |
| 11 केव्ही लाइनों की लंबाई | 40556 कि.मी. | 123267 कि.मी. |
| निम्नदाब लाइनों की लंबाई | 51314 कि.मी. | 210505 कि.मी. |
| विद्युतीकृत मजराटोलों की संख्या | 10375 | 39528 |
| विद्युतीकृत पंपों की संख्या (प्रावधिक) | 73369 | 477450 |
| एकलबत्ती कनेक्शन की संख्या (प्रावधिक) | 630389 | 1771102 |




# मुख्यमंत्री के निर्देश पर घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

## पॉवर कंपनी ने बिजली बिल में अतिरिक्त सुरक्षा निधि की आधी

माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने घरेलू उपभोक्ताओं को अतिरिक्त सुरक्षा निधि में राहत दी है। उपभोक्ताओं के बिल में अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि को 50 प्रतिशत कम कर दिया गया है। घरेलू उपभोक्ता अब जारी की गई राशि से कम बिल जमा करेंगे। जिन उपभोक्ताओं ने बिल जमा कर दिया है, उन्हें आगामी महीने के बिलों में इसका लाभ दिया जा रहा है। जमा की गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि की 50 प्रतिशत राशि को बिजली बिल में समायोजित किया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के स्थायी निर्देशों के तहत सुरक्षा निधि लेने का प्रावधान है। हर वर्ष बीते 12 महीने के उपयोग किए गए बिजली की औसत खपत की गणना कर अक्टूबर में अतिरिक्त सुरक्षा निधि के अंतर की राशि ली जाती है। इसकी गणना प्रचलित टैरिफ के आधार पर नियमानुसार पहले से जमा सुरक्षा निधि को घटाकर की जाती है। जितनी राशि का अंतर होता है, उतनी अतिरिक्त सुरक्षा निधि की देयता बनती है।



उल्लेखनीय है कि कोरोनाकाल में विगत वर्ष अतिरिक्त सुरक्षा निधि की गणना इस वर्ष के लिए बढ़ा दी गई थी, जिसके कारण इस वर्ष एक साथ दो वर्षों के पश्चात गणना की स्थिति बनी है। साथ ही कोरोनाकाल में लॉकडाऊन के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे, जिससे उनके घर के ज्यादातर विद्युत उपकरणों का अधिक उपयोग हुआ। इस कारण सामान्य वर्षों की तुलना में इस साल के औसत बिल में वृद्धि हो गई। यह भी एक बड़ा कारण है जिस कारण औसत बिल एवं फलस्वरूप, अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि अधिक थी।

उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु बिल किये गए अतिरिक्त सुरक्षा निधि को आधी करने के निर्देश माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए जिसके उपरांत छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग से अनुमति प्राप्त कर घरेलू उपभोक्ताओं को जारी की गई कुल अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि का 50 प्रतिशत ही लेने का निर्णय लिया गया।

# मुख्यमंत्री ने दी बिजलीकर्मियों को डीए और बोनस की सौगात

## *छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन ने मुख्यमंत्री का जताया आभार*



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने बिजली कर्मियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने बिजलीकर्मियों के मंहगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि करने तथा 9000 रुपये बोनस / अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी के 16 हजार से अधिक कर्मचारी-अधिकारी घोषणा से लाभांवित हुए हैं।

छत्तीसगढ़ विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के पदाधिकारियों ने प्रदेश में विद्युत विकास के लिये उठाए गए कदमों के लिये मुख्यमंत्री का आभार जताया। पॉवर कंपनी में चार हजार से अधिक पदों पर सीधी भर्ती, साढ़े तीन हजार से अधिक पदोन्नति के लिये उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति व भूविस्थापितों को नौकरी देने के लिये भी धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने बिजलीकर्मियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते में वृद्धि करने की भी घोषणा की।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद ने बताया कि पहले बिजलीकर्मियों को 28 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलता था, वह अब तीन प्रतिशत बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है। इसकी गणना 1 जुलाई 2021 से की जा रही है। पेंशनर्स को भी महंगाई भत्ते का लाभ मिलेगा।

बोनस की पात्रता रखने वाले कर्मचारियों को बोनस तथा सभी अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप कार्यदक्षता बनाए रखने अनुग्रह राशि मिलेगी। इससे कंपनी को लगभग 15.8 करोड़ रुपए का वित्तीय भार आएगा।

# राज्योत्सव में ऊर्जा विभाग के मंडप को मिला तृतीय स्थान



राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव 2021 में आयोजित विभागीय प्रदर्शनी में ऊर्जा विभाग के मंडप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय राज्यपाल सुश्री अनसुईया उइके एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पुरस्कृत किया। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री हर्ष गौतम एवं प्रदर्शनी के नोडल अधिकारी श्री मनोज वर्मा (एस.ई.) ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

28 अक्टूबर से 01 नवम्बर तक रायपुर के साइंस कालेज मैदान में आयोजित राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव 2021 में राज्य शासन के सभी विभागों की विकास योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी। ऊर्जा विभाग के अधीन छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज, क्रेडा एवं मुख्य विद्युत निरीक्षालय का संयुक्त स्टाल लगाया गया। ऊर्जा विभाग के इस मण्डप को सभी मण्डपों में तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ।

प्रदर्शनी मण्डप में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज द्वारा हाफ बिजली बिल योजना से घरेलू उपभोक्ताओं को अब तक मिली छूट की जानकारी देने वाला जीवंत मॉडल रखा गया, जिसमें उपभोक्ता अपना बीपी नंबर या मोबाइल नंबर दर्ज करके उन्हें इस योजना से मिली छूट राशि की जानकारी मिल रही थी।

मण्डप का अवलोकन करने पधारे माननीय मुख्यमंत्री श्री बघेल के समक्ष माननीय मंत्री डॉ. शिव डहरिया हेडफोन के जरिये बिजली बिल में छूट की जानकारी आडियो-वीडियो के माध्यम से प्राप्त की एवं उसकी सराहना की। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष श्री हेमन्त वर्मा, महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, ऊर्जा सचिव एवं पॉवर कंपनी के चेयरमेन श्री अंकित आनंद (आई.ए.एस.) ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मेला स्थल पर आगन्तुकों को मोर बिजली एप के माध्यम से प्राप्त सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

पुरस्कार वितरण समारोह में नेता प्रतिपक्ष श्री धरम लाल कौशिक, गृह एवं पर्यटन मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, स्वास्थ्य एवं पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव, संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत सिंह भगत, कृषि एवं संसदीय मंत्री श्री रवीन्द्र चैबे, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन मंत्री श्री शिव डहरिया, उद्योग मंत्री श्री कवासी लखमा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री रूद्र गुरू, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, शिक्षा मंत्री श्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल, सांसद श्री सुनील सोनी, राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री बृजमोहन अग्रवाल, छग शासन के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन (आई.ए.एस.), नोडल अधिकारी राज्योत्सव एवं संस्कृति सचिव श्री पी.अलबलगम (आई.ए.एस.) एवं अन्य विशिष्टगण उपस्थित थे। पॉवर कंपनीज के कार्यपालन अभियंता श्री एन. बिम्बीसार एवं श्री एस.के. शर्मा, राजू साहू, मनोज बजाज की टीम द्वारा झांकी के निर्माण एवं प्रदर्शन में विशेष सहयोग प्रदान किया गया।



# CSPTCL : ब्लैक आऊट होने पर 40 मिनट में चालू हो सकेंगे बिजलीघर



प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुर्नसंचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में 27 नवम्बर को सफलतापूर्वक किया गया। माकड्रिल के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का अभ्यास किया गया कि आपात स्थिति में पॉवर प्लांट के ब्लैक आऊट होने पर कोरबा पश्चिम के बिजली संयंत्रों को शुरू करने हेतु 40 मिनट में जल विद्युत संयंत्रों से बिजली पहुंचाई जा सकेगी।

गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पॉवर प्लांटों को फिर से शुरू करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयंत्रों से ही हो सकती है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन एवं उत्पादन कम्पनी के प्रबंध निदेशक क्रमशः श्री एस. डी. तैलंग तथा श्री एन. के बिजौरा के कुशल मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में यह माक ड्रिल सम्पन्न हुआ। इस ब्लैक स्टार्ट मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) की मानीटरिंग मुंबई स्थित वेस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर के एक्सपर्ट इंजीनियर स्काडा सिस्टम से कर रहे थे।

इस दौरान डंगनिया स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर में कार्यपालक निदेशक सर्व श्री के. एस. मनोठिया, पी.सी. पारधी, सी.एल. नेताम एवं संदीप गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती शारदा सोनवानी, सर्वश्री बी. अधिकारी, वाई. के. राव, अधीक्षण अभियंता संजय चौधरी, जी.के.मण्डावी, मनोज राय, आर. अरविन्द, एम.पी.नायर, कार्यपालन अभियंता अर्जुन प्रसाद, जितेन्द्र झा, जी.पी.सिंह, महेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता विन्ध्याचल गुप्ता, श्रीराम कांडरा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

बांगो जल विद्युत गृह से कार्यपालक निदेशक श्री आर.के. श्रीवास, अधीक्षण अभियंता श्री पी.के. पांड्या एवं उनकी टीम कोरबा पूर्व से अधीक्षण अभियंता श्री ए.एस. मरावी एवं उनकी टीम, जमनीपाली से कार्यपालन अभियंता श्री आर.के. श्रीवास्तव एवं उनकी टीम, छुरीखुर्द से कार्यपालन अभियंता श्री राजेश ठाकुर एवं उनकी टीम, कोरबा पश्चिम से अति. मुख्य अभियंता श्री पंकज कोले एवं उनकी टीम व सर्वश्री शाहिद खान, मनीष श्रीवास्तव, प्रकाश जैन, लव कौशिक, अंकुश पाहवा ने मॉकड्रिल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## ऐसे पूरी हुई मॉकड्रिल की प्रक्रिया

मॉकड्रिल के दौरान सर्वप्रथम बांगो जल विद्युत गृह, छुरीखुर्द, जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व के उपकेन्द्रों से फीड होने वाले क्षेत्रों को मिलाकर एक आईलैण्ड सब-सिस्टम बनाया गया। इसके पश्चात् इस आईलैण्ड सब-सिस्टम में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित की गई। इस तरह एक बनावटी बिजली संकट छुरीखुर्द जमनीपाली एवं कोरबा क्षेत्र में निर्मित किया गया। इसके पश्चात् इंजीनियरों की टीम ने युद्धस्तर पर बिजली संकट क्षेत्र में बिजली बहाली की प्रक्रिया प्रारंभ की।

इसके लिये बांगो में उपलब्ध डीजल जनरेटर सेट से बंद जल विद्युत इकाई क्रमांक-3 को सर्विस में लेकर बांगो उपकेंद्र के बस को चार्ज किया गया और वहां उत्पादित बिजली को 132 के.व्ही. लाईनों के माध्यम से छुरीखुर्द जमनीपाली एवं कोरबा पूर्व 132 के.व्ही. उपकेन्द्रों तक क्रमशः पहुंचाया गया और पूर्व निर्धारित 33x11 के.व्ही. विद्युत फीडरों को एक के बाद एक चालू कर बांगों की जल विद्युत इकाई से करीब 2. मेगावाट लोड लिया गया। इसके पश्चात् आईलैण्ड सब-सिस्टम की फ्रिक्वेन्सी एवं वोल्टेज को निगरानी करते हुए बांगो जल विद्युत गृह की सप्लाई को कोरबा पश्चिम ताप विद्युत गृह तक पहुंचाया गया। इस पूरी प्रक्रिया में 40 मिनट का समय लगा।





## CSPTCL : महासमुंद के परसवानी उपकेंद्र में नया पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत



पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा शहरों की भांति सुदूर ग्रामीण अंचलों की पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्य शासन की ऊर्जा नीति के अनुरूप उच्चस्तरीय प्रयास किये जा रहे हैं। ऐसे कारगर प्रयासों और सुनियोजित कार्ययोजना का क्रियान्वयन करते हुए 220x132 के.व्ही. उपकेंद्र परसवानी (महासमुंद) में 160 एमव्हीए क्षमता के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को 3 नवंबर को सफलतापूर्वक चार्ज कर लिया गया। नये पॉवर ट्रांसफार्मर का ऊर्जीकरण ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी श्री संजय तेलंग, कार्यपालक निदेशक श्री कैलाश नारनवरे, मुख्य अभियंता (संचा-संधा) श्री डी.के. चावड़ा एवं अधीक्षण अभियंता सर्वश्री एस.एन. व्यास, आर.के. तिवारी, पी.के. गढ़ेवाल, उमाकांत यादव, प्रशांत साहू, इंदु ठाकुर, करूणेश यादव की उपस्थिति में किया गया।

उक्त संबंध में ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री संजय तेलंग ने बताया कि लगभग 8.64 करोड़ रुपए की लागत से स्थापित इस नये पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से महासमुंद, पिथौरा एवं राजिम के लगभग ढाई सौ गावों को समुचित वोल्टेज पर विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। 220x132 केव्ही परसवानी अतिउच्चदाब उपकेंद्र में यह तीसरा पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है।

आगे उन्होंने बताया कि प्रदेश में उपभोक्ताओं की बढ़ती हुई संख्या को दृष्टिगत रखते हुए नये अतिउच्चदाब उपकेन्द्रों की स्थापना के साथ ही पूर्व से स्थापित उपकेन्द्रों की क्षमता में वृद्धि की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में परसवानी उपकेंद्र में 160 एमव्हीए क्षमता का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इससे घरेलु व कृषि पम्प कनेक्शन उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने में सहायता मिलेगी।

प्रदेश की विद्युत पारेषण प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में आगे बढ़ते हुए ईएचटी उपकेन्द्रों के रखरखाव, कुशल प्रबंधन और बेहतर निगरानी को कार्यशैली में प्राथमिकता से शामिल किया गया है। वर्तमान में 123 नग अतिउच्चदाब उपकेंद्र एवं उससे सम्बद्ध 13,345 सर्किट किलोमीटर लाईनों के माध्यम से सुदूर अंचलों तक सतत् विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

## CSPGCL : हसदेव बांगो जल विद्युत गृह ने रचा सर्वाधिक विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के हसदेव बांगो जल विद्युत गृह ने वर्ष 2021 के अक्टूबर माह में 90-10 मिलियन यूनिट बिजली का सर्वाधिक उत्पादन करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। यह कीर्तिमान प्लांट के जीवनकाल का अब तक का अधिकतम उत्पादन का रिकार्ड है। बांगो हाइडल प्लांट का अक्टूबर में मासिक बिजली उत्पादन 100-92 फीसदी कैपिसिटी यूटीलाइजेशन फेक्टर (सीयूएफ) रहा। अक्टूबर माह में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इस उपलब्धि के लिए पॉवर कंपनीज के चेयरमेन श्री अंकित आनंद तथा उत्पादन कंपनी के एमडी श्री एन.के. बिजौरा ने उत्पादन इकाईयों के अधिकारियों/कर्मचारियों को बधाई देते हुए ऐसी उत्कृष्ट कार्य निष्पत्ति को बनाये रखने का आव्हान किया।

पॉवर जनरेशन कंपनी द्वारा वर्षाकाल में जल विद्युत गृहों से अधिकतम विद्युत उत्पादन करने का सफल प्रयास किया गया। वर्षाकाल में बांगो डेम में जल भराव की स्थिति में हाइडल प्लांट के जरिए लगातार पानी छोड़ा जा रहा था। कंपनी द्वारा प्लांट की सभी इकाईयों से अधिकतम बिजली उत्पादन किया गया, फलस्वरूप इन तीनों इकाईयों ने अपनी स्थापना के बाद से अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अक्टूबर 2021 में किया है। वर्तमान में भी प्लांट की तीनों इकाईयों से विद्युत उत्पादन हो रहा है। पॉवर जनरेशन कंपनी के बांगो जल विद्युत गृह की कुल उत्पादन क्षमता 120 मेगावाट है। इसमें 40-40 मेगावाट की तीन इकाईया क्रियाशील है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में बांगो हाइडल प्लांट द्वारा वर्ष 2020 अगस्त में 87-743 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन का रिकार्ड बनाया गया था। इस दौरान 98-278 प्रतिशत सीयूएफ रहा था। कोरोना काल की विपरीत परिस्थितियों में भी उत्पादन कंपनी के कर्मियों ने कंपनी प्रबंधन के कुशल मार्गदर्शन में अक्टूबर 2021 में सर्वाधिक विद्युत उत्पादन का कीर्तिमान स्थापित किया है। इस दौरान जीरो ट्रिपिंग के साथ 100 फीसदी पीएएफ हासिल किया गया।


## पॉवर कंपनी से सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता श्री साहू की भावभीनी विदाई

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता पद से सेवानिवृत्त हुये श्री डी.आर.साहू को विद्युत सेवाभवन में भावभीनी दी गई। विदाई समारोह में पॉवर कम्पनीज की ओर से उन्हें प्रतीकात्मक भेंट, प्रशिस्त पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर प्रबंध निदेशकगण सर्वश्री एन.के. बिजौरा, राजेश वर्मा एवं श्रीमती उज्ज्वला बघेल ने सेवानिवृत्त हुए महाप्रबंधक की सेवाओं को विद्युत विकास के लिए बहुमूल्य निरूपित करते हुए उनके शांत एवं सौम्य स्वभाव की प्रशंसा की। विदाई समारोह में श्री साहू ने सेवायात्रा के दौरान अधिकारियों/कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सेवायात्रा में मिली जिम्मेदारियों का निवर्हन कुशलतापूर्वक किया। इसका श्रेय उन्होंने टीमवर्क को देते हुए पॉवर कंपनी की उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर कंपनी के कार्यपालक निदेशक श्री मनोज खरे, श्री के.एस. मनोठिया, श्री भीम सिंह समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक श्री गोविन्द पटेल एवं श्री विकास श्रीवास्तव ने किया।



इसी क्रम में श्री साहू को पॉवर वितरण कंपनी के मानव संसाधन विभाग द्वारा भी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महाप्रबंधक श्री आर.ए.पाठक, उपमहाप्रबंधक श्री पी.वी. सजीव, श्री मल्लिक बेक सहित समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे श्री साहू का स्वागत करते हुए उनकी मिलनसारिता एवं टीमवर्क की भावना को प्रेरणादायी बताया।

## जनरेशन कंपनी में मनाया गया सायबर सुरक्षा जागरूकता माह




वैश्विक स्तर पर अक्टूबर माह को सायबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। जागरूकता माह CERT-IN के निर्देशानुसार एम.आई.एस.आई.टी. कार्यालय कार्यपालक निदेशक (संचा/संधा उत्पा) के तत्वाधान में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में पहली बार सायबर सुरक्षा जागरुकता माह मनाया गया। मुख्यालय स्तर पर बैनर पोस्टर के माध्यम से कंपनी के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को जागरुक किया गया। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एन.के. बिजौरा ने सायबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया, जिसमें कार्यपालक निदेशक (संचा/संधा उत्पा) के कार्यपालक निदेशक श्री सी.एल. नेताम, अति मुख्य अभियंता, श्री बी. अधिकारी, श्री एस.एम. गोरे, श्री आर.एल. ध्रुव, अधी. अभि. श्री आर. अरविंद, श्री डी.आर. साहू, श्री अनिल अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता श्री देवेन्द्र कुमार खेलवार, श्रीमती अमिता बारा एवं सहायक अभियंता श्री महेन्द्र देवांगन की गरिमामय उपस्थिति रही।

### साइबर सुरक्षा के लिये दिये गए ये टिप्स

- *अकाउंट में पासवर्ड के साथ ओटीपी वाले प्रावधान सेट करें।*
- *अपने कंप्यूटर को बाहरी ड्राइव के जरिये वाइरस आने से सुरक्षित और इसे अद्यतन रखें।*
- *ईमेल के माध्यम से लिंक क्लिक करके विंडो खोलने से बचें। ज्यादातर फिशिंग इसी लिंक के जरिये हो सकती है।*
- *सुरक्षित लोकेशन से ही अपने अकाउंट को एक्सेस करें।*
- *जब आपका कार्य हो जाए तो हमेशा लॉग-आउट करें*
- *अकाउंट नोटिफिकेशन को सेट करें, ताकि जब कभी आपका अकाउंट खुले तो उसकी सूचना आपके उपकरण तक पहुंचे।*

## राजनांदगांव : उदयपुर उपकेंद्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर हुआ क्रियाशील

उदयपुर में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र में 3.15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार छुईखदान उपसंभाग के अन्तर्गत उदयपुर उपकेंद्र की क्षमता 5 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 8.15 एम.व्ही.ए. हो गया है। खैरागढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री छगन शर्मा ने बताया कि अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम उदयपुर, खपरी दरबार, आमाघाटकद, खैरी, खौरीखुर्द, कोटरा, बोराई, कुटेलीकला, साल्हेकला, ओड़िया, पदमावतीपुर, कलार खपरी, दल्लापुर, रगड़ा, सोनपुरी एवं सुरदबरी आदि 16 ग्रामों के लगभग 4000 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा।



## दुर्ग : सोनपुर, सुरेगांव एवं निपानी उपकेंद्रों मे 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

दुर्ग क्षेत्र में तीन अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किए गए। पाटन वितरण केंद्र के अंतर्गत स्थित 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र (सबस्टेशन) सोनपुर (खम्हरिया) में 47 लाख 25हजार रुपए की लागत से नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। विभागीय संभाग बालोद के सुरेगांव वितरण केंद्र के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद रसुरेगांव में लगभग 66 लाख रुपए की लागत से एवं वितरण केंद्र करहीभदर के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेंद्र निपानी में 59 लाख 66 हजार रुपए की लागत से 3-15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर उर्जीकृत किया गया। उपकेंद्रों के अंतर्गत आनेवाले लगभग 60 गांवों के उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति मिलेगी। मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर ने अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.गौराहा कार्यपालन अभियंता द्वय श्री पी.के. शर्मा एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि पावर कंपनी के अधिकारी एवं कर्मचारी उपभोक्ताओं तक गुणवत्तापूर्ण बिजली पहुंचाने के लिए समर्पित हो कर कार्य कर रहे हैं। अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर लगने से उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

## राजनांदगांव : 27 गांवों में मिलेगी गुणवत्तापूर्ण बिजली



लिमो में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र में 3-15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार गंडई उपसंभाग के अन्तर्गत लिमो उपकेंद्र की क्षमता 3-15 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 6-30 एम.व्ही.ए. हो गया है लिमो उपकेंद्र में स्थापित 3-15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम बिरखा, बसावर, बुढ़ासागर, भुरसाटोला, ढ़ाबा, दुल्लापुर, गायमुख, ईरिमकसा, कटंगी, खौड़ा, कोदवा,लालपुर, लिमों, मुण्डाटोला, नादिया, सर्राकापा, सेतवा, बरबसपुर, बेन्द्री, बिरपुरखुर्द, चिलगुड़ा हरडंडा, कांशीटोला, निवासपुर, पेण्डरवानी, संबलपुर एवं सुखरी आदि 27 ग्रामों के लगभग 3450 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता श्री सलिल कुमार खरे ने कार्यपालन अभियंता श्री छगन शर्मा, श्री एन.के. गुरूपंचायन, श्री ए.डी. टण्डन, सहायक अभियंता श्री अनिल कुमार रामटेके, श्री मुकेश कुमार साहू, श्री नुरेन्द्र कुमार साहू, श्री ए.के. द्विवेदी, कनिष्ठ अभियंता श्री नरेश कुमार नेताम और उनकी टीम को बधाई दी है।

## राजनांदगांव : गुढ़ा उपकेंद्र की ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़कर हुई 8.15 एम.व्ही.ए.



ग्राम गुढ़ा में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र में 3.15 एम.व्ही.ए. का अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया गया। इस प्रकार पिपरिया उपसंभाग के अंतर्गत गुढ़ा उपकेंद्र की क्षमता 5 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 8.15 ए.व्ही.ए. हो गया है। कवर्धा संभाग के कार्यपालन अभियंता श्री के.एल. उइके ने बताया कि गुढ़ा उपकेंद्र में स्थापित 3.15 एम.व्ही.ए. के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम सोनपुरी, बोरदेही, सिघनपुरी, बिटकुलीखुर्द, केशली, फादातोड़, बिटकुलीकला, तमरूवा, गुढ़ा, नवागांव, भुरकुड़ा, बोटेपार, चुचरूंगपुर, बानो एवं कोलयारीडीह आदि ग्रामों के लगभग 1900 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता श्री आर.एन. याहके ने कार्यपालन अभियंता श्री के.एल.उइके, श्री एच.पी. गुप्ता, सहायक अभियंता श्री प्रशांत पांसे, श्री मुकेश कुमार लहरे, कनिष्ठ अभियंता श्री आशीष कुमार सोनी और उनकी टीम की सराहना की है।

## बिलासपुर : खैरा (जयरामनगर) 33/11 उपकेंद्र में डबल सप्लाई प्रारंभ

ग्राम खैरा (जयरामनगर) में स्थापित 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र को वर्तमान में सिलपहरी 132/33 केव्ही उपकेंद्र से मस्तुरी फीडर के द्वारा विद्युत की आपूर्ति हो रही थी। अब मुलमुला 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र से एक नए 33 केव्ही फीडर को खैरा उपकेंद्र से जोड़कर डबल सप्लाई प्रारंभ किया जा चुका है। इसके प्रारंभ होने से ग्राम खैरा, जयरामनगर, बेलटुकरी, ऐरनसाही, भनेसर, खुडूभांठा, पाराघाट, तेदुंआ, कछार, मिशन, कोसमड़ीह, मोहतरा, हिर्री एवं देवगांव आदि गांवों के लगभग 6000 उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध विद्युत की आपूर्ति होगी। बिलासपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने बताया कि खैरा उपकेंद्र को मुलमुला फीड़र से जोड़कर डबल सप्लाई प्रारंभ होने से इस क्षेत्र के 14 ग्रामों के लगभग 6000 घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। इस उपलब्धि के लिये उन्होने अधीक्षण अभियंता श्री सतीश दुबे, कार्यपालन अभियंता श्री सुरेश जांगडे तथा श्री अमर चौधरी एवं उनकी टीम को बधाई प्रेषित की है।

# श्री ए.बी. कुलकर्णी : मुख्य अभियंता

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में मुख्य अभियंता (भण्डार एवं क्रय) के पद पर सेवारत श्री अरविंद वसंत कुलकर्णी का जन्म 25 जनवरी 1960 को जबलपुर में हुआ। अपनी माता श्रीमती स्व0 कुसुम एवं पिता श्री वसंत हरी कुलकर्णी से जीवन में अनवरत आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिली। महाराष्ट्र हायर सेकेण्डरी स्कुल जबलपुर से हायर सेकेण्डरी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत वर्ष 1982 में गवर्मेन्ट इंजीनियरिंग कालेज जबलपुर से बी.ई. की उपाधि प्राप्त की।



शिक्षा की पूर्णता के उपरांत आपने अपने कैरियर का प्रारंभ 23 दिसम्बर 1982 से मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल में स्नातक (प्रशिक्षु) कोरबा ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व से किया। आगे वर्ष 1983 में आपको सहायक अभियंता के नियमित पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। इस पद पर आपने हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम एवं जबलपुर में अपनी सेवायें दी।

सेवायात्रा में मिले दायित्वों का कुशलतापूर्वक निवर्हन करते हुये वर्ष 1996 में आपकी पदस्थापना संचालन एवं संचालन विभाग जबलपुर में हुई। वर्ष 1998 मे आपको कार्यपालन अभियंता के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई और आपकी पदस्थापना भंण्डार एवं क्रय विभाग जबलपुर में हुई। पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के विभाजन पश्चात दिसंबर 2000 मे आप की पदस्थापना रायपुर मुख्यालय में हुई। अपनी सेवायात्रा में आगे बढ़ते हुए वर्ष 2010 में अधीक्षण अभियंता, वर्ष 2018 में अतिरिक्त मुख्य अभियंता के पद पर पदोन्नति पाकर जनरेशन कंपनी के भण्डार एवं क्रय कार्यालय रायपुर में पदस्थ किये गये। आगे जून 2021 में आपको कर्त्तव्यनिष्ठता का बेहतर प्रतिफल प्राप्त हुआ एवं आपको मुख्य अभियंता(भण्डार एवं क्रय)-उत्पादन रायपुर के दायित्व का निर्वहन सौंपा गया। लगभग 39 वर्षीय सेवायात्रा के दौरान अनेक कठिन चुनौतियॉं भी आई जिसका सामना करते हुए आपने कार्य को गति प्रदान किया। वर्ष 2013 में कोरबा पूर्व की 120 मेगावॉट की इकाई के दुर्घटनाग्रस्त होने पर टरबाईन सीज हो गई थी, अपनी सूझबूझ से इसे दुरूस्त कराया गया। साथ ही 1983 में कोरबा पश्चिम इकाई क्रमांक 4 की कमीशनिंग के दौरान ट्रान्सफार्मर में लगी आग को बुझाने में महत्वपूर्ण दायित्व निभाया। इस हेतु आपको स्थानीय स्तर पर पुरस्कृत होने का गौरव भी प्राप्त है।

कार्यालयीन कार्यों के अलावा आपकी अभिरूचि खेल के प्रति भी रही है। आपके द्वारा क्षेत्रीय व प्रदेश स्तर पर अंतर क्षेत्रीय एवं अंतर राज्यीय क्रिकेट एवं ब्रिज प्रतियोगिताओं मे टीम का प्रतिनिधित्व किया गया है। लगभग 39 वर्षों की सेवायात्रा में विद्युत विकास को गति प्रदान करते हुए आप समाजिक कार्यो में भी सक्रिय रहे हैं।

आपकी पत्नी अर्चना कुलकर्णी गृहणी है जिनके संबल से आप अपनी सेवायात्रा में तटस्थता से लगे हैं। आपकी दो पुत्री हैं, वे दोनों ही तकनीकी स्नातक है। आपकी प्रथम पुत्री अमृता विवाह पश्चात् अमेरिका में निवासरत है। द्वितीय पुत्री अश्विनी पुणे में जॉब कर रही हैं।

## मड़वा : स्तुति महिला मंडल ने बालगृह को भेंट की वाशिंग मशीन

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र की आवासीय कालोनी की स्तुति महिला मंडल (जूनियर क्लब) द्वारा सुशील बालकगृह सोंठी को वाशिंग मशीन भेंट की गई। सुशील बालक आश्रम भारतीय कुष्ठ निवारक संघ द्वारा सोंठी में संचालित है। स्तुति महिला मंडल मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया के मार्गदर्शन में लोककल्याण के कार्य करता रहा है। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा सिंह, सचिव ऋतु रेड्डी व कार्यक्रम प्रभारी शुभ्रा सिरसंत सुशील ने बताया कि बालगृह को बच्चों के लिए कपड़े, जूते-चप्पल, पाठ्य सामाग्री और रसोई में बर्तन की आवश्यकता है। इस अवसर पर महिला मंडल के पदाधिकारियों द्वारा अपने हाथों से बच्चों को फल व बिस्कुट भी बांटे गए।



## मड़वा : स्तुति महिला मंडल ने बच्चों के संग मनाया बालदिवस

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा के आवासीय कॉलोनी की स्तुति महिला मंडल द्वारा 14 नवंबर को चाचा नेहरू की जयंती लच्छनपुर गांव में बच्चों के साथ मनाया गया। महिला मंडल ने बच्चों को कोरोना वायरस की जानकारी एवं बचाव के उपाय बताए। इसके अलावा बच्चों के लिए विविध खेलकूद कराए गए। महिला मंडल ने बच्चों को उपहार, पाठ्य सामाग्री, पेंसिल, मास्क व सैनिटाइजर और चाकलेट व बिस्कुट भी बांटे। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती काजल शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती शुभ्रा सिरसान्त, सचिव श्रीमती रितु रेड्डी, संयुक्त सचिव श्रीमती स्वाति मारचट्टीवार, सांस्कृतिक सचिव श्रीमती अभिता बिजू एवं खेल सचिव श्रीमती पूजा वर्मा उपस्थित रहीं।



## दुर्ग : अनुभव साझा करके सीखी बेहतर कार्यशैली



दुर्ग में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 से 24 नवंबर तक क्षेत्रीय मुख्यालय के बहुद्देश्यीय भवन में किया गया। इसमें लाइन सहायक, तकनीशियन (वितरण), परिचारक श्रेणी-एक, परिचारक श्रेणी-दो एवं परिचारक श्रेणी-तीन सहित 16 तकनीकी कर्मचारी शामिल हुए। प्रशिक्षण में कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किये। इसमें विद्युत अधिनियम 2003, बिजली के बुनियादी स्रोत, त्वरित विद्युत विकास एवं सुधार कार्यक्रम, लाईन निर्माण, नई लाईनों की कमीशनिंग, लाईन इंस्पेक्शन और रखरखाव, अर्थिंग, अर्थ टेस्टर, अर्थरेसिस्टेंस, ट्रांसफार्मर रिपेयरिंग, 33/11 केव्ही सबस्टेशन, मीटरिंग की बुनियादी बातों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही मीटरों के प्रकार, कैपेसिटर, उपभोक्ता संबंध, लाईनमैन के दायित्व एवं कर्तव्य, उर्जा मापक, बिलिंग एवं संग्रहण विधियां एवं विद्युत चोरी की रोकथाम जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यपालन अभियंता श्री सतीश कुमार वर्मा, श्री के.के.श्रीवास, श्री जे.जे.प्रसाद, श्रीमती ममता कश्यप, श्री आर.के.श्रीवास्तव एवं सहायक अभियंता श्री अविनाश चौहान ने प्रशिक्षण दिया। समापन कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को कार्यपालन अभियंता श्री एस.के.मिश्रा एवं कोर्स को आर्डिनेटर श्रीमती सनीली चौहान ने प्रमाण पत्र एवं टूल किट प्रदान किए।

## राजनांदगांव : कार्य एवं व्यक्तित्व में निखार आता है प्रशिक्षण से



राजनांदगांव के क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन में राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 2 से 4 दिसम्बर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कवर्धा एवं राजनांदगांव सर्किल के विभिन्न वितरण केंद्रों में पदस्थ कनिष्ठ अभियंताओं को प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम ने कहा कि प्रशिक्षण से कार्य एवं व्यक्तित्व दोनों में निखार आता है। उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सुविधा सहित कंपनी के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना हम सबका दायित्व है। इसमें एसई श्री रंजीत घोष, सलिल कुमार खरे, ईई श्री बीरबल उइके, प्रशासनिक अधिकारी श्री नीरज कुमार देवागंन एवं सहायक प्रकाशन अधिकारी श्री डी.एस. मंडावी उपस्थित थे।

## रायपुर : ज्ञान प्राप्त करने की भावना का होना जरूरी - श्री हेनरी



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के कार्यालय सहायकों के लिए तीस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम उपरान्त गुढ़ियारी स्थित केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान में समापन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एन. डब्ल्यू. हेनरी ने कहा कि प्रशिक्षण प्रत्येक कर्मचारी के लिए आवश्यक है। प्रशिक्षण से कार्य में दक्षता आती है और काम में दक्ष होने के बाद आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्रीमती मधुलिका मिंज, सहायक प्रबंधक श्री अरूण देवांगन ने प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला।

इस तीस दिवसीय प्रशिक्षण में श्री बलवंत कुमार वर्मा प्रथम, कु- कुमुद चंद्राकर द्वितीय एवं कु. सरला यादव तृतीय स्थान पर रहें। संचालन संदीप अग्रवाल ने व आभार प्रदर्शन श्रीमती निशा ध्रुव ने किया। इस अवसर पर प्रशिक्षक एसई श्री सीताराम साहू, ईई सर्वश्री एल.आर. देवांगन, एस. एस. सोनी, एस.आर. सांडे, एई ए.के. शर्मा, योगेन्द्र साव, मनोज ताम्रकार एवं प्रतीक मिश्रा उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण से अर्जित ज्ञान को सहकर्मियों से करें साझा




रायपुर शहरी क्षेत्र के तकनीकी कर्मचारियों के लिए 22 एवं 23 नवम्बर को आयोजित कार्यशाला में वेरिएंट-दो एनर्जी मीटरिंग एवं बिलिंग फॉर टेक्निकल विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को फील्ड विजिट के दौरान मीटर टेस्टिंग लेब में मीटर जांच करने के तरीकों से अवगत करवाया गया। समापन अवसर पर अधीक्षण अभियंता (रायपुर शहर) श्री ए.एन.दुबे ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो ज्ञान अर्जित किया है उसे फील्ड में अपने साथियों के साथ भी साझा करें ताकि आपसी ताल-मेल के साथ कार्य को और भी सुगमतापूर्वक निष्पादित किया जा सके। इस अवसर पर रायपुर शहर क्षेत्र से ईई श्री व्ही.के.अवस्थी एवं ईई श्री एस.पी.सोनी ने बेहतर कार्य किये जाने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

## रायपुर : ट्रांसफार्मर के रखरखाव के गुर सीखे फील्ड में




25 से 27 नवम्बर 2021 तक वैरिएंट-सात विषय पर आयोजित कार्यशाला में तकनीकी कर्मचारियों को ट्रांसफार्मर के रख-रखाव, सुरक्षा एवं क्षति से बचाव किये जाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को क्षेत्र भ्रमण करवाकर ट्रांसफार्मर की कार्यप्रणालियों से रूबरू करवाया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि अति.मुख्य अभियंता श्री अविनाश सोनेकर थे। इस अवसर पर ईई श्रीमती एस.सिनी, ईई श्री एस.पी. सोनी, प्रशासनिक अधिकारी श्री रौनक पाण्डेय ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्राप्ति उपरांत फील्ड में और अधिक अच्छे से कार्य किये जाने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।




08 से 12 नवम्बर 2021 तक वैरियेंट-एक (लाईनमेन ट्रेनिंग) विषय पर आयोजित कार्यशाला में विद्युत अधिनियम एक्ट-2002, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, लाईन कंस्ट्रक्शन आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। समापन अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण संस्थान) श्री एन.डब्ल्यू.हेनरी ने कहा कि विद्युत पोल में कार्य करते समय सर्वप्रथम अपने मोबाईल नीचे छोड़ कर जाएं तथा कार्य करने के पूर्व आश्वास्त हो जाएं कि आपने दोनों तरफ से सुरक्षा चक्र तैयार कर लिया है, फिर अपना कार्य प्रारंभ करें। इस अवसर पर रायपुर शहर क्षेत्र के एसई श्री ए.एन.दुबे, ईई श्री व्ही.के.अवस्थी एवं श्री एस.पी.सोनी ने कर्मचारियों को अपने-अपने अनुभव साझा किए।

## रायपुर : दुर्घटना रोकने में सुरक्षा उपकरण प्रमुख सहायक





रायपुर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के तकनीकी कर्मचारियों के लिए केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान गुढ़ियारी में सी. एण्ड डी. प्रोग्राम के तहत् तीन दिवसीय वैरिएन्ट-1,2,3,4 का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण से कर्मचारियों के तकनीकी ज्ञान में वृद्धि एवं कुशलता प्राप्त हुई। 15 से 17 नवम्बर तक आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अभियंता (रायपुर ग्रामीण) श्री राजेन्द्र प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि पोल पर कार्य करते समय बिना किसी मानसिक दबाव के सुरक्षा जोन बनाकर कार्य किया जाना चाहिए ताकि संभावित घातक/अघातक दुर्घटनाओं को टाला जा सके। इस मौके पर एसीई श्री अविनाश सोनेकर, एसई श्री अशोक खण्डेलवाल, ईई श्रीमती एस.सिनी एवं कोर्स को-आर्डिनेटर ईई श्री एस.पी. सोनी ने कर्मचारियों से अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला का संचालन श्री शंकरनारायण नायडू का.स.श्रे.-एक ने किया।

## राजनांदगांव : उपभोक्ता सेवा को बेहतर बनाने दिए टिप्स

जिले के मैदानी अधिकारियों को विद्युत वितरण निष्पादन मानक, राजस्व प्राप्ति, सैप प्रणाली में पारंगत बनाने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन राजनांदगांव क्षेत्र के प्रशासनिक भवन के सभागार में किया गया। इसमें राजनांदगांव वृत्त के कनिष्ठ यंत्री स्तर तक के अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में मुख्य रूप से नये कनेक्शन प्रदाय, फ्यूज कॉल शिकायतों का निराकरण, 33 केव्ही/11 केव्ही फीडरों के व्यवधान तथा अवधि, ट्रांसफार्मर फेल्यूअर आदि के मानकों की जानकारी दी गई। अधीक्षण अभियंता श्री रंजीत घोष एवं श्री सलिल कुमार खरे ने "मोर बिजली ऐप" के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में कार्यपालन अभियंता खैरागढ़ श्री छगन शर्मा एवं सहायक अभियंता (आईटी) श्री हेमराज साहू ने सैप प्रणाली में नए कनेक्शन में आने वाली समस्याओं, मीटर डिवाइस लगाना, न्यू आर श्री प्रिपरेशन, पंप के कनेक्शन में डिवाइस लगाने जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता श्री आर. एन. याहके, कार्यपालन अभियंता श्री ए.डी. टण्डन, श्री एन.के. गुरूपांचयन, श्री आर.के. गोस्वामी, श्री पी.सी. साहू, श्री के.वी. मैथ्यू, सुश्री गीता ठाकुर सहित राजनांदगांव सर्किल के समस्त सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ स्टे




## जनवरी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| मंगल | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| बुध | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| गुरू | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| शुक्र | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शनि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| रवि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |

## फरवरी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगल | 1 | 8 | 15 | 22 | |
| बुध | 2 | 9 | 16 | 23 | |
| गुरू | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| शुक्र | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शनि | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| रवि | 6 | 13 | 20 | 27 | |

## मार्च

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगल | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बुध | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| गुरू | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| शुक्र | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शनि | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| रवि | 6 | 13 | 20 | 27 | |

## अप्रैल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगल | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुध | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| गुरू | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्र | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| रवि | 3 | 10 | 17 | 24 | |

## मई

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | 30 | 2 | 9 | 16 | 23 |
| मंगल | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| बुध | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| गुरू | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| शुक्र | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| शनि | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| रवि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |

## जून

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| मंगल | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| बुध | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| गुरू | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शुक्र | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| शनि | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| रवि | 5 | 12 | 19 | 26 | |


### सामान्य अवकाश

**जनवरी** 17 छेरछेरा (शाकंभरी जयंती), 26 गणतंत्र दिवस, **मार्च** 1 महाशिवरात्रि, 18 होली, 28 भक्त माता कर्मा जयंती, **अप्रैल** 14 डॉ. अम्बेडकर जयंती, 14 महावीर जयंती, 15 गुड फ्राइडे, **मई** 3 ईद उल फितर, 16 बुद्ध पूर्णिमा, **जून** 14 कबीर जयंती, **जुलाई** 28 हरेली, **अगस्त** 9 विश्व आदिवासी दिवस, 9 मोहर्रम, 11 रक्षाबंधन, 15 स्वतंत्रता दिवस, 19 कृष्ण जन्माष्टमी, 30 हरितालिका तीज, **अक्टूबर** 5 दशहरा (विजयादशमी), 24 दीपावली, **नवम्बर** 8 गुरूनानक जन्म दिवस।

### महत्वपूर्ण दिवस

**जनवरी** 10 विश्व हिंदी दिवस, 25 राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 30 महात्मा गांधी शहीद दिवस, **मई** 1 श्रमिक दिवस, 21 आतंकवाद विरोधी दिवस (राजीव गांधी पुण्यतिथि), **जून** 5 विश्व पर्यावरण दिवस, 21 विश्व योग दिवस, **अगस्त** 20 सद्भावना दिवस, **सितंबर** 15 अभियंता दिवस, **नवम्बर** 1 छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस, 26 संविधान दिवस।

# ट पॉवर कंपनी



2022

## दिसम्बर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| मंगल | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बुध | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| गुरू | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शुक्र | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शनि | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| रवि | 4 | 11 | 18 | 25 | |

## नवम्बर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| मंगल | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| बुध | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| गुरू | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| शुक्र | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शनि | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| रवि | 6 | 13 | 20 | 27 | |

## अक्टूबर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | 31 | 3 | 10 | 17 | 24 |
| मंगल | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| बुध | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| गुरू | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| शुक्र | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शनि | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| रवि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |

## जुलाई

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | | 4 | 11 | 18 | 25 |
| मंगल | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| बुध | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| गुरू | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| शुक्र | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शनि | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| रवि | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |

## अगस्त

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| मंगल | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| बुध | 3 | 10 | 17 | 24 | 31 |
| गुरू | 4 | 11 | 18 | 25 | |
| शुक्र | 5 | 12 | 19 | 26 | |
| शनि | 6 | 13 | 20 | 27 | |
| रवि | 7 | 14 | 21 | 28 | |

## सितम्बर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सोम | | 5 | 12 | 19 | 26 |
| मंगल | | 6 | 13 | 20 | 27 |
| बुध | | 7 | 14 | 21 | 28 |
| गुरू | 1 | 8 | 15 | 22 | 29 |
| शुक्र | 2 | 9 | 16 | 23 | 30 |
| शनि | 3 | 10 | 17 | 24 | |
| रवि | 4 | 11 | 18 | 25 | |

**ऐच्छिक अवकाश** **जनवरी** 1 नववर्ष दिवस, 3 माता सावित्री बाई फुले जयंती, 4 लुई ब्रेल का जन्मदिवस, 7 राजिम भक्तिन माता जयंती, 10 विश्व हिन्दी दिवस, 14 मकर संक्रांति/पोंगल, 20 शहीद गैंदसिंह का शहादत दिवस, **फरवरी** 5 बसंत पंचमी/मां परमेश्वरी जयंती, 15 हजरत अली का जन्मदिवस, 16 राजिम मेला माघ पूर्णिमा/संत रविदास का जन्मदिवस, 19 छत्रपति शिवाजी जयंती, 26 महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती, **मार्च** 17 होली (होलिका दहन), 18 शब-ए-बारात, **अप्रैल** 02 गुड़ी पड़वा/चेट्रीचंड्र, 6 गुहा निषादराज जयंती, 14 बैशाखी, 15 हाटकेश्वर जयंती, 16 धरती पूजा, 26 श्रीमद् वल्लभाचार्य जयंती, 27 सेन जयंती, 29 जमात-उल-विदा, **मई** 3 परशुराम जयंती, 6 शंकराचार्य जयंती, **जून** 2 छत्रसाल जयंती/महाराणा प्रताप जयंती, 8 महेश नवमी, 24 वीरांगना दुर्गावती का बलिदान दिवस, **जुलाई** 1 रथयात्रा, 19 डॉ. खूबचंद बघेल का जन्मदिवस, **अगस्त** 2 नागपंचमी, 16 पारसी नववर्ष, 17 हरछठ, 27 पोला, 31 गणेश चतुर्थी, **सितंबर** 3 नवाखाई , 6 ढोल ग्यारस, 8 ओणम, 9 अनंत चतुर्दशी, 17 विश्वकर्मा जयंती, 24 प्राणनाथ जयंती, 26 अग्रसेन जयंती, **अक्टूबर** 3 दशहरा (महाष्टमी), 4 दशहरा (महानवमी), 13 करवाचैथ, 25 गोवर्धन पूजा, 26 भाई दूज, 31 भगवान सहस्त्रबाहु जयंती, **नवम्बर** 4 नामदेव जयंती, 16 डॉ. सैयदना साहब का जन्मदिवस, 24 गुरूतेग बहादुर का शहीदी दिवस, **दिसंबर** 7 दत्तात्रेय जयंती, 10 शहीद वीर नारायण सिंह का बलिदान दिवस, 29 गुरू गोविन्द सिंह का जन्मदिवस।

## मड़वाः दुर्घटनाओं से बचना है तो सुरक्षा उपकरणों को प्राथमिकता - कोसरिया



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस ) मड़वा में 3 से 9 दिसंबर तक औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (ईंधन) श्री आरके श्रीवास ने कहा कि व्यक्ति अपनी सुरक्षा को ही संरक्षा समझें। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नियर मिस एक्सीडेंट की रिपोर्टिंग को अपने व्यवहार में शामिल करें।

गौरतलब है कि 1984 की भोपाल गैस त्रासदी जैसी घटना की पुनरावृत्ति से बचने और जनजागरूकता के लिए औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के संयोजक अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री राजाबाबू कोसरे, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आलोक लकरा एवं श्री रामजी सिंह एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी ने भी सुरक्षा जागरूकता पर अपने विचार रखे।

संरक्षा अधिकारी विजय कुमार बर्मन द्वारा औद्योगिक सुरक्षा पर आधारित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम कराया गया। एसई श्री क्रिस्टोफर एक्का द्वारा पूरे सप्ताह आयोजित हुए कार्यक्रमों का विवरण दिया गया। इनमें मॉकड्रिल संरक्षा जागरूकता व्याख्यान एवं फिल्म प्रदर्शन, संरक्षा प्रथम विषय पर निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता, अग्नि से सुरक्षा की जानकारी एवं प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। इनमें श्री अखिलेश, श्री धरमलाल चंद्रा, श्री संजय कुमार झा, श्री उदय कुमार राठौर, श्री पिंटु शाह, श्री बृजेश अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने कहा कि दुर्घटनाओं से बचना है तो संरक्षा उपकरणों को पहली प्राथमिकता दें। संचालन एई श्री नरेंद्र देवांगन और आभार प्रदर्शन ईई श्री संदीप भगत ने किया। कार्यक्रम में एसई श्री एन साहा, श्री एसडी द्विवेदी, श्री एसके तारेंद्र व मुख्य रसायनज्ञ श्री अभय मिश्रा वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. श्री आरके साहू प्रकाशन अधिकारी श्री बसंत शाहजीत, विधि अधिकारी श्री रमेश, कल्याण अधिकारी श्री आरएस टेकाम समेत अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रमिक उपस्थित रहे।

## कोरबा : डीएसपीएम में दिलाई गई सुरक्षा की शपथ

डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा (पूर्व) में औद्योगिक सुरक्षा सप्ताह का आयोजन 03 दिसम्बर को किया गया। इसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियां एवं ठेका श्रमिकों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ श्री एस. के. बंजारा, कार्यपालक निदेशक, श्री रजनीश जैन अति.मुख्य अभियंता (ईंधन प्रबंधन), शैलेन्द्र शर्मा अति.मुख्य अभियंता (संचा. संधा) एवं कारखाना प्रबंधक, श्री चंचल पैकरा अति. मुख्य अभियंता (एस.एंड एस.सी.) एवं श्रीमती अंजना कुजुर अति. मुख्य अभियंता (एस. एंड पी.) उपस्थित थीं। मुख्य सुरक्षा अधिकारी श्री अनिल नामदेव द्वारा सुरक्षा विषय व्याख्यान दिया गया।




## कोरबा पश्चिम : खेल और नारों के जरिए दी गई औद्योगिक सुरक्षा जागरूकता का संदेश



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में 3 से 09 दिसम्बर तक औद्योगिक संरक्षा सप्ताह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अभियंता (उत्पादन) श्री एस.के. कटियार, अति. मुख्य अभियंता श्री भुवनेश्वर प्रसाद, श्री संजय शर्मा, श्री के.के. डोंगरे, श्री प्रवीण श्रीवास्तव, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री ए.के. कुरनाल एवं विभाग प्रमुख एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इसमें 4 वर्गों में नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारी वर्ग से श्री मनोज पटेल को प्रथम, श्रीमती राजकुमारी जांगड़े को द्वितीय एवं श्री प्रतीक शुक्ला को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

तकनीकी कर्मचारी वर्ग से श्री लक्ष्मी प्रसाद साहू को प्रथम, श्री आर.के. जैस को द्वितीय एवं श्री प्रदीप कुमार शर्मा को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यालयीन वर्ग से श्री लव तिवार को प्रथम, कु. मधु चौहान द्वितीय एवं श्री रामाश्रय ध्रुव को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। ठेका श्रमिक वर्ग में कु. शिल्पा विश्वास को प्रथम, श्री प्रकाश तिवारी द्वितीय एवं श्री खम्हन दास को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त अंतरविभागीय खेल प्रतियोगिता "उपयोग बताये" CE&T-III को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। TM-II को द्वितीय एवं Renovation को तृतीय विभाग अध्यक्ष एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिता में श्री अनिल कुमार कर्ष प्रथम, श्री धन्ना कुमार द्वितीय एवं श्री हेमन्त कुमार तृतीय स्थान पर रहे। इसमें भोपाल गैस त्रासदी पर चल चित्र दिखाया गया एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि श्री एस. के. कटियार मुख्य अभियंता (उत्पा0) एवं श्री के.के. डोंगरे अति. मुख्य अभियंता ने संरक्षा विभाग के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन एई श्रीमती प्रिया मिश्रा ने एवं श्री बी.डी. धनवानी ने आभार प्रदर्शन किया।



## बच्चों एवं परिवार के हर सदस्य को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक बनाएं : कोसरिया

अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र में 8 से 14 दिसंबर तक राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह मनाया गया। पूरे सप्ताह ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें रोड शो एवं साइकिल रैली, चित्रकला स्पर्धा, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम एवं आवासीय कॉलोनी में पौधरोपण किया गया। समापन समारोह में चित्रकला स्पर्धा के विजेता बच्चों को मुख्य अभियंता एचएन कोसरिया एवं अतिथियों के हाथों पुरस्कार बांटा गया। इनमें धैर्य ठाकुर, रूपांशी देवांगन, अनाया लकरा, भावना चंद्रवंशी, उत्कर्ष देवांगन एवं पावनी पित्रोदा शामिल हैं। समारोह में अतिरिक्त मुख्य अभियंता आलोक लकरा, रामजी सिंह, संदीप श्रीवास्तव, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ आरके तिवारी, अधीक्षण अभियंता एके सिन्हा द्वारा ऊर्जा संरक्षण के प्रति अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन अधीक्षण अभियंता नीरज वैश्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहा. प्रबंधक (पर्यावरण) संजय झा ने किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता एसएस टेकाम, कार्यपालन अभियंता अनिल साय, आरजी नेताम, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. आरके साहू, मुख्य रसायनज्ञ उत्तम चंद्रवंश व अभय मिश्रा, प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत, सहायक अभियंता राजकुमार वर्मा, रमन सिंह एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चे उपस्थित रहे।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह में ऊर्जा संरक्षण सप्ताह



डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा (पूर्व) में कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुये उर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन दिनांक 14 दिसम्बर 2021 को किया गया। श्री एस.के.बंजारा, कार्यपालक निदेशक (उत्पा.) के मुख्य आतिथ्य में श्री शैलेन्द्र कुमार शर्मा, अति.मुख्य अभियंता (संचा. एवं संधा.), श्री चंचल पैकरा अति. मुख्य अभियंता (एस. एंड एस. सी.), श्री रजनीश जैन, अति. मुख्य अभियंता (ईंधन प्रबंधन), श्रीमती अंजना कुजुर, अति. मुख्य अभियंता (एस. एंड पी.) एवं श्रीमती राजेश्वरी रावत, अति. मुख्य अभियंता (टी.एस.एस.) के गरिमामय आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अतुल पुनवटकर, अधीक्षण यंत्री (दक्षता) ने की। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रंजना फुटाने, कार्यपालन अभियंता (दक्षता) ने की। साथ ही आभार प्रदर्शन श्री दीपक साहू, सहायक अभियंता ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री एच. सी. शुक्ला एनर्जी मैनेजर, श्री अजीत तिर्की, वरिष्ठ कल्याण अधिकारी (प्रभार) एवं समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण का सहयोग सराहनीय रहा।

## बिलासपुर : सुरक्षा संबंधी एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



बिलासपुर क्षेत्र, द्वारा कर्मचारियों के लिये दुर्घटना रहित कार्यशैली हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बिलासपुर में किया गया। कार्यपालक निदेशक श्री पटेल ने कहा कि ज्यादातर हादसे कर्मियों की छोटी-छोटी लापरवाही से होते हैं, इसलिए बचाव के साधनों का पूरा उपयोग करते हुए ही बिजली का कार्य करना चाहिये। सुरक्षा उपकरणों के साथ ही कार्य करने के सख्त निर्देश दिये गए। सुरक्षा नोडल अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री पी.के.कश्यप ने मैदानी अमले को सुरक्षा उपकरणों जैसे सेफ्टी बेल्ट, हेलमेट, दस्ताने, टेस्टर, डिस्चार्ज राड आदि का उपयोग करते हुए कार्य करने के साथ ही सुरक्षा उपकरणों की नियमित तौर से जांच करने एवं खराब होने पर उन्हे तत्काल बदलने के निर्देश दिये। कार्यक्रम के दौरान तकनीकी कर्मचारियों द्वारा अपने सुरक्षा संबंधित अनुभव एवं कार्य के दौरान आने वाले परेशानियों को भी साझा किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री एस.के. दुबे ने मैदानी कर्मचारियों के सुरक्षा उपकरणों की जांच करते हुए सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। अधीक्षण अभियंता श्री वाय के मनहर ने मैदानी कर्मचारियों को बताया कि लाईन के संबंध में पूर्ण जानकारी होने के पश्चात् ही लाईन सुधार का कार्य करना चाहिये अन्यथा दुर्घटना घटित हो सकती है। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता श्री अमर चौधरी, श्री सुरेश जांगड़े, श्री एन.त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी तथा तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र की एकता और अखण्डता को बनाये रखने की ली शपथ









छत्तीसगढ़ राज्य शासन सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देश के अनुपालन में 26 नवम्बर 21 को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के विभिन्न कार्यालयों के विभाग प्रमुख सहित संविधान की प्रस्तावना का वाचन अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किया गया। विद्युत सेवाभवन में जनरेशन कंपनी के एमडी श्री एन.के. बिजौरा, होल्डिंग कंपनी की एमडी श्रीमती उज्ज्वला बघेल एवं ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी श्री एस.डी. तेलंग के साथ उनके कार्यालय के विद्युत कर्मियों ने सामूहिक रूप से भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाये रखने का संकल्प लिया।

इसी क्रम में पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया स्थित वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं मुख्य अभियंता (सिविल) कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों ने कोरोना गाईड लाईन का पालन करते हुए भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पठन किया। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखण्डता, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय को बढ़ाने के लिए संकल्प लेते हुए संविधान को अंगीकृत एवं आत्मार्पित करने की पंक्तियों का पठन किया।

## राजनांदगांव : संविधान निर्माता को किया याद



**विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने बाबा साहब अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हे नमन किया**

क्लेक्ट्रोरेट परिसर, राजनांदगांव में विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, कुशल राजनीतिज्ञ और संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रध्दा सुमन अर्पित कर नमन किया। इस अवसर उपस्थित सभी ने भारत निर्माण में बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए उनके द्वारा चलाये गये सामाजिक भेदभाव के विरूद्ध अभियान और सबके लिए समान अधिकार, भारतीय संविधान के निर्माण में अतुलनीय योगदान का स्मरण किया।

## रायपुर : संविधान उद्देशिका का पठन



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के क्षेत्रीय मुख्यालय गुढ़ियारी प्रांगण में भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर संविधान उद्देशिका का अधिकारियों एवं कर्मचारियो द्वारा सामूहिक वाचन किया गया। जिसमें मुख्य अभियंता द्वय श्री आर.ए.पाठक- (रायपुर शहर क्षेत्र), श्री राजेन्द्र प्रसाद (रायपुर ग्रामीण क्षेत्र), श्री अविनाश सोनेकर-अति.मुख्य अभियंता, श्री ए.एन.दुबे-अधीक्षण अभियंता, श्री आर.के.मिंज-अधीक्षण अभियंता, श्री अशोक खण्डेलवाल-अधीक्षण अभियंता, श्रीमती एस.सिनी-कार्यपालन अभियंता, श्री आर.बी. सिंह-कार्यपालन अभियंता, श्रीमती मनीषा डे-कल्याण अधिकारी, श्रीमती तनविंदर कौर-प्रशा.अधिकारी, श्री शंकर नारायण नायडू, श्री अनिल मैथ्यूस, श्री मनोज शर्मा, श्री एम.एस. एन.मूर्ति, श्री विनय शंकर मिश्रा, विक्रम धरमगुड़े आदि अनेक कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# संविधान निर्माताओं को किया याद और ली एकजुटता की शपथ




दुर्ग में कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने राष्ट्रीय एकता तथा अखंडता की शपथ दिलाई। इसमें श्रीमती ममता कश्यप, श्री एन.ए.कुरैशी, श्री सुधीर ताम्रकार, श्रीमती प्रभा थोरात, श्री ए.के. गंजीर, श्रीमती माया चन्द्राकर, सुश्री रश्मि शर्मा उपस्थित थीं।

राजनांदगांव क्षेत्र के पार्रीनला स्थित क्षेत्रीय प्रशासनिक भवन के प्रागंण में अधीक्षण अभियंता श्री रंजीत घोष ने उद्देश्यिका का वाचन कराया। इस अवसर पर स्टॉफ आफिसर श्री के.के. देवांगन, एई श्री हेमराज साहू, प्रशासनिक अधिकारी श्री नीरज देवांगन उपस्थित थे।







डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा (पूर्व) में कार्यपालक निदेशक श्री एस. के. बंजारा ने संविधान के अनुरूप कार्य निष्पादन के लिए कर्मियों से अपील की। संचालन श्री एच.पी. शर्मा अधीक्षण अभियंता ने किया।

कोरबा (पूर्व) के मुख्य अभियंता श्री बी.डी.बघेल ने संविधान निर्माण में बाबा साहब अम्बेडकर के योगदान का उल्लेख किया। संचालन अधीक्षण अभियंता (मुख्यालय) श्री बी.आर. भगत ने किया।







अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा में प्रभारी मुख्य अभियंता श्री आलोक लकरा ने संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। इसमें एसीई श्री रामजी सिंह, एसई श्री नीरज वैश्य, श्री बसंत शाहजीत, श्री रमेश, एई श्री संतोष भारती समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## कोरबा : मुख्य अभियंता सहित चार कर्मियों को विदाई



कोरबा (पूर्व) ताप विद्युत गृह से अक्टूबर माह में मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) श्री हरिकृष्ण गुप्ता सहित चार कर्मियों को विदाई दी गई। सम्मान समारोह में सेवानिवृत्ति हो रहे सीई श्री गुप्ता समेत सुरेश कुमार चौबे कार्या.सहा.श्रेणी-1, हेमन्त कुमार ठाकुर संयंत्र सहायक श्रेणी-एक एवं श्रीमती राही देवी श्रीवास भृत्य को प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। अधिकारी/कर्मचारियों का कंपनी की ओर से पुष्पगुच्छ, प्रशस्ति पत्र, कलाई घड़ी एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा कि मुझे उत्पादन कंपनी के विभिन्न स्थानों पर कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ तथा मैने कंपनी हित में कार्य करते हुए उच्च पद मुख्य अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हो रहा हूं। इसमें श्री एस.के. बंजारा कार्यपालक निदेशक (उत्पा.), श्री आर.के.श्रीवास कार्यपालक निदेशक (उत्पा.) कोरबा पश्चिम, श्री बी.डी.बघेल मुख्य अभियंता (उत्पा.) कोरबा (पूर्व), श्री पी.के.जैन मुख्य अभियंता रायपुर एवं मडवा ताप विद्युत गृह के मुख्य अभियंता श्री एच.एन.कोसरिया तथा श्री चंचल पैकरा, श्री रजनीश जैन एवं श्रीमती राजेश्वरी रावत अति. मुख्य अभियंता विशेष रूप से उपस्थित थीं। संचालन सुरेश सोनी ने व आभार प्रदर्शन वरि. कल्याण अधिकारी श्री एस.पी.बारले ने किया।

### कोरबा पश्चिम : सेवानिवृत्त 6 कर्मचारियों को भावभीनी विदाई

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में नवम्बर में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। मुख्य अभियंता श्री एस.के. कटियार ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को शुभकामनाएं एवं उनके दीर्घायु होने की कामना की। इसमें सर्वश्री वरिष्ठ पर्यवेक्षक नरपत सिंह चुरेन्द्र, रामलाल भगत, कनिष्ठ पर्यवेक्षक चंद्रकांत जायसवाल, संयंत्र सहायक राम आसरे यादव, आनंद कुमार सरकार एवं सिविल परिचारक श्रीमती रजनी बाई को प्रशस्ति पत्र एवं कलाई घडी से सम्मानित किया गया।

## मड़वा : अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई



अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस ) मड़वा में अतिरिक्त मुख्य अभियंता अब्दुल समद समेत अन्य कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी गई। नवंबर माह में कनिष्ठ पर्यवेक्षक ललित कुमार साहू एवं कन्हैया लाल साहू भी सेवानिवृत्त हुए। अतिथियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य अभियंता श्री आलोक लकरा, एसीई श्री रामजी सिंह, रजनीश जांगड़े व विनय दुबे, एसई आर. अरविंद एवं वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ श्री आरके तिवारी विशेष रुप से उपस्थित थे। संचालन कल्याण अधिकारी आरएस टेकाम ने किया। इस अवसर पर एसई सर्वश्री ए.के. सिन्हा, नीरज वैश्य, एसडी द्विवेदी, ईई अनिल साय, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरके साहू, प्रकाशन अधिकारी बसंत शाहजीत उपस्थित रहे।

## दुर्ग : ईडी श्री पटेल को विदाई, श्री जामुलकर का स्वागत



दुर्ग के कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल को बिलासपुर स्थानांतरण पश्चात् कर्मियों ने विदाई दी एवं नए मुख्य अभियंता श्री एम.जामुलकर का स्वागत किया। इस अवसर पर श्री जामुलकर ने कहा कि दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले में विद्युत विकास की गति को आगे बढ़ाने में वे टीम वर्क के साथ सतत् प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता एस.आर.बांधे, श्री तरूण कुमार ठाकुर एवं श्री ए.के.गौराहा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## योग स्थापना रजत जयंती के अवसर पर अधीक्षण अभियंता श्री सीताराम साहू का जबलपुर में सम्मान



मुख्य अभियंता कार्यालय (प्रशिक्षण अ.एवं वि.) गुढ़ियारी में पदस्थ अधीक्षण अभियंता श्री सीताराम साहू को जबलपुर स्थित राजकुमारी बाई बाल निकेतन आश्रम में सम्मान किया गया। श्री साहू विपश्यना के आचार्य प्राकृतिक चिकित्सक तथा योग प्रशिक्षक भी हैं। बाल निकेतन में बच्चों के नियमित योगाभ्यास के 25 वर्ष पूरा होने पर 19 नवंबर को रजत जयंती समारोह में उन्हें शाल, श्रीफल एवं सम्मान पत्र भेंट किया गया। एमपीईबी जबलपुर में 1996 से 2008 तक की अपनी सेवा अवधि में श्री साहू अपने कार्यालयीन कार्य संपादन के अतिरिक्त संत हिरदाराम प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग केन्द्र के मानद चिकित्सा अधिकारी के रूप में जनसेवा के लिये समय दे चुके हैं। उनके मार्गदर्शन में राजकुमारी बाई बाल निकेतन शास्त्रीपुल जबलपुर में 22 जुलाई 1996 को बच्चों का प्रारंभ योगाभ्यास नियमित जारी है। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि अब बच्चे इतने दक्ष हो गए हैं कि वे अपने योग कक्षा का संचालन स्वयं करते हैं।

राजकुमारी बाई बाल निकेतन के अध्यक्ष श्री मदन मोहन नेमा ने कहा 102 वर्षों से संचालित इस संस्था में बच्चों के नियमित योग अभ्यास के 25 वर्ष पूरा होना बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसके कारण बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है। इसमें सचिव श्री श्याम सुन्दर माहेश्वरी तथा कोषाध्यक्ष श्री प्रद्युम्न गुप्ता, रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय जबलपुर के योग के विभागाध्यक्ष डॉ. भरत तिवारी, सत्यानंद योग केन्द्र के डॉ. जितेन्द्र जामदार, योग निकेतन के श्री नारायण केंवट, श्री सूर्यकांत मिश्रा, श्री के.सी. पंडा, संजय पटेल, श्री पद्माकर तलवारे, म.प्र.राज्य विद्युत मंडल के सेवानिवृत अधिकारी श्री ज्ञान प्रकाश सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## मड़वा : रक्त जांच शिविर आयोजित



विश्व एड्स पखवाड़ा के अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह (एबीवीटीपीएस) मड़वा में एचआईवी-एड्स जागरूकता एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अभियंता श्री एचएन कोसरिया ने रक्त परीक्षण करवाकर इसकी शुरुआत की। विद्युत गृह चिकित्सालय, ग्राम मित्र समाजसेवी संस्था चांपा एवं छत्तीसगढ़ एड्स नियंत्रण समिति रायपुर का इसमें विशेष सहयोग रहा। इस शिविर में 41 अधिकारी-कर्मचारी एवं श्रमिकों की रक्तजांच की गई। इस अवसर पर एसीई श्री आलोक लकरा एवं श्री रामजी सिंह, सीएमएचओ डॉ. श्री एसआर बंजारे, नोडल अधिकारी डॉ. श्री वीके पैगवार विशेष रूप से उपस्थित थे।

## कोरबा : प्रतिज्ञा महिला मंडल द्वारा छात्रावास में कंबल एवं फल का वितरण

प्रतिज्ञा महिला मंडल. ह.ता.वि.गृ.कोरबा पश्चिम के महिलाओं द्वारा सेवा भारती द्वारा संचालित माँ सर्वमंगला वनवासी कन्या छात्रावास में 18 दिसम्बर को कम्बल वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को फल भी बांटा गया। इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती सोमा ठाकुर द्वारा बच्चों से उनका परिचय हासिल किया गया एवं उन्हें लक्ष्य प्राप्ति हेतु मन लगाकर अध्ययन करने का सुझाव दिया। ज्ञातव्य हो कि इस छात्रावास में छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के वनवासी कन्याओं का देखरेख एवं शिक्षा की व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है। इस अवसर पर सचिव श्रीमती वन्दना साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती किरन जैस एवं क्रीड़ा सचिव श्रीमती ज्ञानेश्वरी जायसवाल प्रमुख रूप से उपस्थित थी। छात्रावास की अधिक्षिका सीता दीदी द्वारा बच्चों को महिला मंडल की अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं क्रीड़ा सचिव का परिचय कराया एवं बच्चों ने सभी का अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।



## कांकेर एवं दुर्ग में नए कार्यालय भवन का शुभारंभ



कांकेर (संचारण एवं संधारण) संभाग के अंतर्गत धनेली कन्हार वितरण केन्द्र के नवनिर्मित कार्यालय भवन का शुभारंभ कार्यपालक निदेशक श्री एस. के. ठाकुर ने किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता वृत्त कांकेर श्री सी.एच. मरकाम, श्री सती किण्डो उपस्थित थे।

दुर्ग क्षेत्र में नव सृजित नेहरु नगर जोन कार्यालय का लोकार्पण कार्यपालक निदेशक श्री संजय पटेल ने किया। नेहरू नगर जोन के अंतर्गत 16 हजार से अधिक विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ता आयेंगे। श्री पटेल ने उपभोक्ता सन्नी सौरभ झा के घरेलू कनेक्शन के आवेदन का ऑनलाइन अनुमोदन किया।



## अंबिकापुर : अंतर क्षेत्रीय शतरंज स्पर्धा में रायपुर क्षेत्र बना विजेता



अम्बिकापुर में आयोजित अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में रायपुर क्षेत्र की टीम ने सर्वाधिक 21 अंक प्राप्त कर पहला एवं कोरबा पश्चिम की टीम ने 18 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रायपुर क्षेत्र की ओर से पुरूष वर्ग में अभिषेक अवधिया-4.5 अंक, विक्रम धरमगुड़े-4 अंक, दिनेश राव-3.5 अंक, अक्षत तिवारी-2 अंक एवं महिला वर्ग में एलिशमैरी केरकेट्टा-4 अंक, मीना कुर्रे ने 3 अंक हासिल किया।

मुख्य अभियंता श्री एस.डी. भगत एवं श्री एस.के. खरे ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। पुरूष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर प्रथम स्थान एम. सी. सोनी कोरबा पश्चिम, द्वितीय सुरेश वर्मा दुर्ग, तृतीय विजय कुमार खांडेकर बिलासपुर, चतुर्थ अंशुमान यादव दुर्ग, पांचवां अभिषेक अवधिया रायपुर, छठवां मुकेश सोनकर मड़वा, सातवां मनोज ठाकुर, मड़वा एवं महिला वर्ग में प्रथम एलिश मेरी केरकेट्टा रायपुर, द्वितीय स्वाती मरावी बिलासपुर, तृतीय नूतन ठाकुर कोरबा पश्चिम, चतुर्थ मीना कुर्रे रायपुर एवं पांचवा स्थान अलका पटेल कोरबा ने राष्ट्रीय स्पर्धा में स्थान बनाया।

निर्णायक के रूप में जिला शतरंज संघ के राजेन्द्र सिंह राणा, अनिष अंसारी, शेषरतन जायसवाल, विश्वनाथ मनियन, एसएसपी वर्मा, विश्वास तिवारी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन यतिन्द्र गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन केन्द्रीय पर्यवेक्षक महेन्द्र तिवारी ने किया।

## जगदलपुर : अंतर क्षेत्रीय कैरम स्पर्धा में बिलासपुर विजेता




केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद विद्युत कंपनी रायपुर के तत्वावधान में अंतर क्षेत्रीय कैरम स्पर्धा का आयोजन जगदलपुर मे किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कंपनीज के दस अधिकृत खेल क्षेत्रों की टीमों में से नौ खेल क्षेत्रों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बिलासपुर की टीम विजेता और कोरबा (पूर्व) की टीम उपविजेता रही। पुरुष वर्ग की एकल स्पर्धा में बिलासपुर क्षेत्र के श्री सुजीत कुमार मोदी विजेता तथा कोरबा (पूर्व) के श्री विनोद राठौर उपविजेता रहे। महिला वर्ग की एकल स्पर्धा में रायपुर केन्द्रीय कार्यालय की सुश्री नमिता जैन विजेता व रायपुर क्षेत्र की श्रीमती रीनापुरी गोस्वामी उपविजेता रहीं। महिलाओं की युगल स्पर्धा में रायपुर केन्द्रीय कार्यालय की सुश्री नमिता जैन एवं श्रीमती पुष्पा ठाकुर विजेता तथा रायपुर क्षेत्र की श्रीमती रीनापुरी गोस्वामी एवं श्रीमती मीना कुर्रे उपविजेता रहीं। पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक श्री एस.के. ठाकुर थे। इस मौके पर अधीक्षण अभियंता श्री ए.के. गुप्ता व श्री एस. कंवर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## अंतरक्षेत्रीय बैडमिन्टन स्पर्धा में श्री हितेन्द्र मारकण्डेय बने नंबर वन खिलाड़ी



छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी अन्तरक्षेत्रीय बैडमिन्टन स्पर्धा में रायपुर सेन्ट्रल की टीम ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। विजयी होकर लौटे खिलाड़ियों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष व ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.डी. तेलंग, केन्द्रीय कार्यालय खेल क्षेत्र के अध्यक्ष श्री व्ही.के. साय एवं उपाध्यक्ष श्री के.एस. मनोठिया ने बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में अंतरक्षेत्रीय बैडमिन्टन स्पर्धा का आयोजन राजनांदगांव क्षेत्र में किया गया। इस स्पर्धा में रायपुर सेन्ट्रल के श्री हितेन्द्र मारकण्डेय ने कोरबा पश्चिम के श्री अविनेश पाठक को परास्त कर पॉवर कंपनी के वर्ष 2021 में नंबर वन खिलाड़ी का खिताब हासिल किया। इसके साथ ही रायपुर सेन्ट्रल के श्री संजय वैद्य उपविजेता रहे।

तीन दिवसीय स्पर्धा के वेटरन युगल में श्री प्रशांत नागर तथा राकेश शुक्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रायपुर सेन्ट्रल के पुरुष खिलाड़ी श्री बसंत सिंह एवं महिला खिलाड़ी जुवेना गोम्स तथा श्रीमती कल्पना पन्ना ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए नेशनल टीम में अपनी जगह बनाई। इस अवसर पर केन्द्रीय कार्यालय खेल क्षेत्र के क्रीड़ा सचिव श्री आनंद मोखरीवाले तथा बैण्डमिंटन के केन्द्रीय प्रभारी श्री ओमकार चंद्राकर, जितेन्द्र चौधरी, संजय अग्रवाल उपस्थित थे।

## दुर्ग : वॉलीबॉल प्रतियोगिता में रायपुर सेंट्रल बना विजेता



केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में दुर्ग क्षेत्र द्वारा 7 से 9 दिसंबर तक पंत स्टेडियम सेक्टर-एक में कंपनीज अंतरक्षेत्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता 2021 का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर सेंट्रल ने कोरबा पश्चिम को 3-1 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। रायपुर सेंट्रल से श्री नीरज वर्मा बेस्ट नेटर एवं कोरबा पश्चिम से श्री शैलेष देवांगन बेस्ट डिफेन्डर चुने गए।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (सी एंड टीएम- भिलाई) श्री पी.सी. पारधी थे। अध्यक्षता क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्य अभियंता(दुर्ग क्षेत्र) श्री एम.जामुलकर ने की। इसमें परिषद के सचिव व अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, केन्द्रीय पर्यवेक्षक एवं कार्यपालक निदेशक श्री के.एस.मनोठिया, भिलाई स्टील प्लांट डीजीएम श्री सहीराम जाखड़, छत्तीसगढ़ स्वीमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री गोपाल खंडेलवाल, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबाल कोच श्री सुरेन्द्र पॉल, अधीक्षण अभियंता श्री एस.आर.बांधे, श्री ए.के.गौराहा एवं श्री तरुण ठाकुर, श्री एस.के.भूआर्य एवं श्री पी.पी. सिंग, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एस. एल.कुरेटिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन निज सहायक श्री बी.एस.राजपूत एवं प्रकाशन अधिकारी श्रीमती माया चन्द्राकर ने किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 18 खिलाड़ियों को राष्ट्रीय विद्युत मंडल प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। इसमें रायपुर सेंट्रल से सर्वश्री नीरज वर्मा, राजेश शर्मा, इन्द्रमणी पटेल एवं अजय सिन्हा, कोरबा पूर्व से कृष्णपाल सिंह कंवर, शैलेन्द्र पैकरा एवं विनोद कुमार राठौर, कोरबा पश्चिम डी.डी.नायक, शैलेष देवांगन, आर.पी.लोधी, राजनांदगांव से अभिषेक नायडू, मड़वा से गजेन्द्र नेताम एवं अशोक डहरिया, दुर्ग से रवि चन्द्राकर एवं राजेश देशमुख, रायपुर रीजन से जावेद खान एवं खेलन सिंह यादव एवं बिलासपुर से दीनबंधु नायक का चयन किया गया है।




## राजनांदगांव : बैडमिंटन में कोरबा पश्चिम बना विजेता



राजनांदगांव में अंतरक्षेत्रीय विद्युत पॉवर कंपनीज बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन 25 से 27 नवम्बर तक किया गया। दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित फाइनल मुकाबले के महिला सिंगल से कोरबा पश्चिम की अनिता सिंह विजेता रहीं। पुरुष सिंगल में रायपुर सेन्ट्रल के हितेन्द्र मारकण्डे विजेता रहे। महिला डबल के फाइनल में कोरबा पश्चिम की दिव्या और अनिता ने रायपुर क्षेत्र की रीतिका एवं यशोदा को पराजित किया। पुरुष डबल (ओपन) के फाइनल मुकाबले को कोरबा पश्चिम के अविनेश व रायपुर सेन्ट्रल के हितेन्द्र ने कोरबा पश्चिम को हराकर जीता। वेटरन सिंगल पुरुष का फाइनल मैच में रायपुर क्षेत्र के प्रशांत नागर ने रायपुर सेन्ट्रल के संजय वैद्य को हराकर विजेता का खिताब हासिल किया। उसी प्रकार पुरुष वेटरन (युगल) में रायपुर क्षेत्र के प्रशांत नागर एवं राकेश शुक्ला ने फाइनल मुकाबला जीता।

क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद राजनांदगांव क्षेत्र द्वारा आयोजित समारोह में टीम इवेन्ट विजेता कोरबा पश्चिम की टीम को शील्ड एवं उपविजेता रही मड़वा की टीम को रनर शील्ड प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता श्री टी.के. मेश्राम थे। क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव ईई श्री यू.पी. वर्मा, केन्द्रीय पर्यवेक्षक श्री ईश्वर राव, ईई श्री बीरबल उइके, श्री ए.डी.टण्डन सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। निर्णायक श्री संजय लिचडे, हेमंत पांडे एवं मनीष पाण्डे को भी सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्युत कंपनीज के 10 टीमों में से 25 खिलाड़ियों को अखिल भारतीय विद्युत मंडल प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। संचालन श्री प्रशांत तिवारी ने किया।

# श्री एस.के.कटियार : मुख्य अभियंता (उत्पादन) हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी की हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के नवनियुक्त मुख्य अभियंता श्री एस के कटियार ने 25 नवंबर 2021 को पदभार ग्रहण किया। श्री कटियार का जन्म 17 अगस्त 1962 उत्तर प्रदेश में हुआ। अपनी माता श्रीमती ज्ञानवती कटियार एवं पिता स्वर्गीय एच एल कटियार से जीवन में अनवरत आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिली।



आपने वर्ष 1977 में हायर सेकेंडरी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरान्त बी.ई. मैकनिकल की डिग्री शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर मध्यप्रदेश से 1982 में प्राप्त की। इसके उपरांत आपने मध्य प्रदेश विद्युत मंडल से करियर की शुरूआत की। सहायक अभियंता (प्रशिक्षु) के पद पर पी.जी.टी.आई कोरबा पूर्व में फरवरी 1983 में पदस्थ हुए। अप्रैल 1983 में सहायक अभियंता (प्रशिक्षु) के रूप में हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में आपकी नियुक्त हुई।

इस पद पर रहते हुये मई 1983 में 210 मेगावाट की प्रथम यूनिट के ग्रिड से सिंक्रोनाईजेशन कार्य में आपका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके अलावा आपने यूनिट इन्चार्ज की जिम्मेदारियाँ निभाई। टोटल शट डाउन, ब्लैक आउट में भी आपने कुशलता का परिचय दिया। वर्ष 1996 तक विभिन्न कार्यालयों में आपकी पदस्थापना हुई जिसमें आपने पूरी निष्ठा एवं कार्य कुशलता से कार्यों का संपादन किया। जुलाई 1996 में आपका स्थानांतरण मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल के मुख्यालय जबलपुर में हो गया। जल विद्युत परियोजना में पदस्थ रहते हुए बाण सागर जल विद्युत परियोजना के निर्माण तथा विभिन्न जल विद्युत इकाईयों के क्रियान्वयन में आपका विशेष योगदान रहा।

आपने सेवायात्रा के दौरान मैनेजमेंट में डिप्लोमा एवं एनर्जी ऑडिटर (बी.ई.ई) की उपाधि भी प्राप्त की। अक्टूबर 2008 में पुनः छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कम्पनी लिमिटेड में रायपुर मुख्यालय के परियोजना कार्यालय में पदस्थ हुए एवं मड़वा परियोजना के निर्माण में योगदान दिया।

2018 में पदोन्नति उपरांत अतिरिक्त मुख्य अभियंता (परियोजना)/(क्रय एवं कार्य) रायपुर में पदस्थापना हुई। वर्तमान में वे मुख्य अभियंता (उत्पादन) हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम का दायित्व निर्वहन कर रहे हैं। विद्युत गृह में दक्षता पूर्वक सतत् विद्युत उत्पादन, कम लागत पर करना आपका लक्ष्य है। आप विद्युत विकास के साथ नई जिम्मेदारियों के निर्वहन में सतत् प्रयासरत रहेंगे।

सेवाकाल के दौरान कार्य दक्षता को बढ़ाने हेतु श्री कटियार ने विभिन्न कार्यशालाओं जैसे MPTI , Nagpur, PMI New Delhi, NIET Mumbai, ESCI Hyderabad, ASSOCHAM New Delhi में भाग लिया। आपको पढ़ने व नई तकनीक सीखने में बचपन से अभिरूचि है। श्री कटियार क्रिकेट व ब्रिज खेलना, आर्किटेक्चर एवं फाइनेंस की किताबें पढ़ने में विशेष रूचि रखते हैं।

# अंतरक्षेत्रीय लान टेनिस स्पर्धा में कोरबा पश्चिम विजेता एवं रायपुर सेन्ट्रल की टीम बनी उपविजेता

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कम्पनी अन्तरक्षेत्रीय लान टेनिस स्पर्धा का आयोजन विद्युत नगरी कोरबा में 08 से 12 दिसम्बर 2021 तक किया गया। पाच दिवसीय स्पर्धा में रायपुर सेन्ट्रल, दुर्ग क्षेत्र, बिलासपुर क्षेत्र, कोरबा पश्चिम, कोरबा पूर्व एवं राजनांदगांव क्षेत्र के खिलाड़ियों ने अपने खेल कौशल का उम्दा प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन टीम आधार एवं ओपन आधार पर किया गया। इसमें कोरबा पश्चिम की टीम को विजेता एवं रायपुर सेन्ट्रल की टीम को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष व ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री एस.डी. तेलंग एवं महासचिव श्री एम.एस. चैहान ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में आयोजित अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस स्पर्धा का शुभारंभ-समापन कोरबा पश्चिम के मुख्य अभियंता श्री एस.के. कटियार ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों से पधारे खिलाड़ियों का अभिनंदन करते हुए खेल भावना का परिचय देने का आव्हान किया।

स्पर्धा के विजेता रही कोरबा पश्चिम की टीम में सर्वश्री हर्षल विश्वकर्मा, सुनील सिंह, सोनपुरे, आर.के. साव, ने अपनी हिस्सेदारी दी। उपविजेता रायपुर सेन्ट्रल की टीम में सर्वश्री भूपेन्द्र साव, अनुराग शर्मा, संजय कापसे एवं के.एस. मनोठिया शामिल हुए। ओपन प्रतियोगिता के एकल मे हर्षल विश्वकर्मा कोरबा पश्चिम विनर तथा श्री रजनीश ओबेराय दुर्ग रनर रहे। इसी तरह डबल्स के मुकाबले में हर्षल विश्वकर्मा एवं सुनील सिंह विनर एवं रायपुर रीजन के श्री आर.के. बंछोर एवं श्री सतीश शर्मा रनर रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया "छह कोरी छह आगर तरिया अऊ बूढ़ा नरवा" का विमोचन



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पॉवर कंपनी में प्रबंधक (जनसंपर्क) श्री गोविन्द पटेल की किताब "छह कोरी छह आगर तरिया अऊ बूढ़ा नरवा" का विगत 15 दिसंबर को विमोचन किया। किताब में दुर्ग जिले के धमधा के गोंड राजाओं के शासनकाल में खुदवाए गए 126 तालाबों की विस्तृत जानकारी संकलित की गई है।

विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित सादे विमोचन समारोह में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव डहरिया, संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह जुनेजा, संसदीय सचिव श्री चिंतामणि महाराज, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

किताब में तालाबों के नाम, निर्माण वर्ष, खसरा नंबर, क्षेत्रफल व जलभराव जैसी महत्वपूर्ण जानकारी को शामिल किया गया है। इस किताब के जरिए प्राचीन काल से चली आ रही जल संरक्षण की परंपरा से परिचय कराने का प्रयास किया गया है। धमधा में छै आगर छै कोरी तरिया (126 तालाब) थे जिसकी पहचान कर 121 तालाबों की जानकारी सूचीबद्ध की गई है। 121 में से 70 तालाबों में अब भी लबालब पानी भरा रहता है। इन्हें भरने के लिए एक बूढ़ा नरवा भी है जो बारिश के दिनों में खेतों के अतिरिक्त पानी को बूंद-बूंद सहेजकर इन तालाबों तक पहुँचता है।

उल्लेखनीय है कि श्री गोविंद पटेल मूलतः धमधा के निवासी हैं। उनके पिता श्री विश्राम सिंह पटेल पेशे से कृषक हैं। उन्होंने इसके पूर्व चार अन्य पुस्तकें लिखीं है। 2017 में "टमाटर की बंपर पैदावार", 2018 में "बढ़ती लागत घटता मुनाफा", 2019 में "तकदीर बदल सकते हैं सुनहरे दाने" और 2020 में "छत्तीसगढ़ को तंदुरुस्त बना सकती है भाजी" नाम की किताब प्रकाशित हुई। वे 12 वर्षों से अधिक समय तक दैनिक भास्कर, नई दुनिया जैसे प्रमुख समाचार पत्रों में पत्रकार के तौर पर सेवाएं दे चुके हैं।

श्री पटेल को 2009 में राज्य शासन द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय लेखन के लिये चंदूलाल चंद्राकर स्मृति पत्रकारिता सम्मान प्रदान किया जा चुका है।

## संघर्ष ही सृजन



*हे मानव तुम संघर्ष करो*
*संघर्ष के निशिथ पथ पर*
*चल पड़ो अडिग बन कर*
*न रुको न झुको तुम*
*न मूक दर्शक बनो तुम*
*है साहस तो विद्रोह करो*
*विद्रुप नियमों का खंडन करो*
*तितिक्ष भाव का मान रखो*
*अन्यो के अपराध क्षमो करो*
*सृष्टि सृजन के नयी धरा धरो*
*विकास के नित्य नये रंग भरो*
*संघर्ष सृजन की पूर्णता बनो*
*नव जीवन की आधार बनो*
*हे मानव तुम संघर्ष करो...*

**श्रीमती मनीषा डे**
कल्याण अधिकारी
कार्या. मुख्य अभियंता
(रा.ष.क्षे)
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.रायपुर

## हमारे गौरव

### शाश्वत सिंह



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थ श्री संजीव सिंह एवं गवर्नमेंट स्कूल में लेक्चरर के पद पर पदस्थ श्रीमती महिमा सिंह के प्रतिभावान सुपुत्र शाश्वत सिंह ने कैट 2021 की परीक्षा में 99.79 प्रतिशत अर्जित कर शहर एवं पॉवर कंपनी परिवार को गौरवान्वित किया। कैट 2021 परीक्षा के परिणाम आईआईएम अहमदाबाद द्वारा घोषित किया गया। आईआईटी दिल्ली के छात्र रहे श्री शाश्वत वर्तमान में मुंबई में जॉब कर रहे हैं। **बधाई...**

प्रमाणित किया जाता है कि पत्रिका के मेक मुद्रण/प्रकाशन आदि गुणवत्ता एवं पत्रिका के अंदर के पृष्ठों में 90 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) और कवर पृष्ठों में 220 जीएसएम आर्ट पेपर (सिनारमास) का उपयोग किया गया है - मुद्रक

# सुनहरी बिजली से सुनहरे दानों की बंपर पैदावार

ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदलने के छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा सर्वत्र हो रही है। राज्य शासन खेती-किसानी को विशेष प्राथमिकता दे रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाले इस मॉडल में बिजली अपनी महती भूमिका निभा रही है।

छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र कृषि है। प्रदेश की 90 प्रतिशत आबादी किसी न किसी रूप में खेती से जुड़ी हुई है। इसमें भी सबसे अधिक खेती धान की होती है। फिलिंपींस के राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट के बाद विश्व में सबसे अधिक धान की प्रजातियों का संग्रह छत्तीसगढ़ के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में ही है। 23 हजार से अधिक धान की किस्में यहां पाई जाती हैं।

इन दिनों किसानों के खेत-खलिहान में सुनहरी रोशनी चमक रही है। धान के सुनहरे दाने सहेजकर किसान सालभर की आय जुटा रहे हैं। यह सुनहरे दाने किसानों और उनके परिवारों के चेहरों में खुशियां बिखेर रही हैं।

इन सुनहरे दानों की पैदावार बढ़ाने में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी भी योगदान दे रही है। पांच लाख 81 हजार से अधिक कृषि पंपों के जरिए किसानों के खेतों में सिंचाई सुविधा बेहतर हुई है। मानसून की बेरूखी से अब किसानों के हौसले पस्त नहीं होते, बल्कि कृषि पंप उनका भरोसा बनाए रखते हैं। सुनहरी बिजली से सुनहरे दानों की पैदावार में लगातार इजाफा हो रहा है।

इस साल राज्य सरकार रिकार्ड 105 लाख टन धान खरीदने जा रही है। यह मेहनतकश किसान को उनके परिश्रम और धैर्य का सम्मान है। कृषि पंप होने से सब्जियों और फलों की खेती लगातार बढ़ रही है। इस साल स्थिति यह है कि आधे भारत में टमाटर, केला और पपीता की आपूर्ति छत्तीसगढ़ से हुई।

2021 ने हमारे सामने नई चुनौतियां रखी और हमने मिलकर उनका समाधान भी निकाला। बीती बातों से सीखते हुए नए साल 2022 का हम सभी स्वागत करें। नए संकल्प के साथ नववर्ष की अनंत शुभकामनाएं...

**गोविन्द पटेल**



## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी, डंगनिया, रायपुर

फोन : 0771-2574702 | website : www.cspc.co.in

प्रिंटक स्केनर मिश्राबाड़ा, तात्यापारा, रायपुर 88899 14459